कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या
1/13/107, नैय्यर कालोनी, सिविल लाइन्स, अयोध्या–224001
Email Id: eeupjn_cdfaizabad@yahoo.co.in

पत्रांक 2578 / शा-30 / 37 दिनांक 11/05/2026

सेवा में,

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनांक 11.05.2026 को प्रकाशित शीर्षक "रामदासपुर में जल जीवन मिशन योजना अधर में: टंकी बनी पर पानी अब भी दूर, ग्रामीणों में रोष" के संदर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर समाचार पत्र में दिनांक **11.05.2026** को प्रकाशित **शीर्षक "रामदासपुर में जल जीवन मिशन योजना अधर में: टंकी बनी पर पानी अब भी दूर, ग्रामीणों में रोष"** के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकासखण्ड– तारून में तारडीह व रामदासपुर पेयजल योजना का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

| क्र. सं. | प्रस्तावित कार्य | मात्रा | प्रगति |
|---|---|---|---|
| 1. | ट्यूबवेल– | 1 नग | पूर्ण। |
| 2. | सोलर प्लान्ट | 1 नग | अपूर्ण। |
| 3. | शिरोपरि जलाशय | 1 नग | पूर्ण। |
| 4. | वितरण प्रणाली | 28.27 किमी0 | 23.67 किमी0 पूर्ण, कार्य प्रगति पर। |
| 5. | पम्पहाउस | 1 नग | पी.सी.सी. कार्य पूर्ण। |
| 6. | बाउण्ड्रीवाल | 1 नग | पूर्ण। |
| 7. | गृह जल संयोजन | 955 नग | 670 नग पूर्ण। शेष कार्य प्रगति पर। |
| 8. | मार्ग पुनर्स्थापना | 13.40 किमी0 तोड़ी गई | 9.350 किमी0 पुनर्स्थापित, शेष कार्य प्रगति पर, जिसे दि0 31.05.2026 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। |

उपरोक्त विवरण के अनुसार योजना का कार्य कराया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है। पूर्व में वित्तीय/फण्ड उपलब्धता से सम्बन्धित समस्या के कारण कार्य की गति प्रभावित हुई थी, वर्तमान में वित्तीय/फण्ड की समस्या का समाधान हो चुका है तथा कार्य तीव्र गति से कराया जा रहा है। गृह जल संयोजन का कार्य प्रगति पर है जिसे दिनांक 31.07.2026 तक पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ किया जायेगा।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 2578 / शा-30 / 37 दिनांक 11/05/2026

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –


1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा शाखा), अयोध्या।
3. सम्बन्धित सहा0अभि0/जूनि0इंजी0 (खण्डान्तर्गत)।
4. मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त पेयज़ल योजनाओं के अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

4/26 doc.aky8-9

# रामदासपुर में जल जीवन मिशन अधर में: टंकी बनी पर पानी अब भी दूर; ग्रामीणों में रोष

पवन कुमार निषाद | गयासपुर(बीकापुर), अयोध्या 3 घंटे पहले



शेयर

गौराघाट क्षेत्र के रामदासपुर में जल जीवन मिशन के तहत चल रहा कार्य पिछले डेढ़ वर्ष से अधूरा पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के विरोध के बाद गांव में पानी की टंकी का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन आज तक पंप सेट, सोलर पैनल और ऑपरेटर रूम का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसके चलते जलापूर्ति शुरू नहीं हो पाई है और गांव में हर घर जल योजना का लाभ अब तक नहीं पहुंच सका है।

ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर पाइप लाइन की जोड़ाई और नलों की स्थापना भी अधूरी है। वहीं, ऑपरेटर रूम सहित अन्य आवश्यक कार्य भी लंबे समय से लटके हुए हैं।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम अनुज निषाद ने बताया कि इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं ग्राम प्रधान तारडीह राजितराम ने कहा कि ग्रामसभा में तय योजना के अनुसार रामदासपुर में बनी पानी की टंकी से जलापूर्ति होनी है, लेकिन कार्य की धीमी गति के कारण योजना अधर में लटकी हुई है।

ग्रामीण बलवंत सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक गांव में जल जीवन मिशन का लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कार्य में गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। इस मुद्दे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नाराज ग्रामीणों में दुर्गेश कुमार, सुभाष विश्वकर्मा, जग प्रसाद, हरीश निषाद, राहुल सहित अन्य लोग शामिल रहे।